**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भानिवार** **दिनांक 04.04.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

- **आईआईएम रायपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर।**
- **केन्द्र सरकार ने आश्वस्त किया कि वह देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है।**
- **आकाशवाणी रायपुर द्वारा कल से सुबह के समय भी दो अतिरिक्त प्रादेशिक समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे।**
- **आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना।**

**आईआईएम रायपुर–दीक्षांत समारोह**

नवा रायपुर अटल नगर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम में आज पंद्रहवें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पांच सौ बावन विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं। वहीं, शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए नौ विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से दिया गया। समारोह में एमबीए के छात्र चिराग जैन को 'ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मर' चुना गया।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि भारत आज तकनीकी क्षमता और वैश्विक जुड़ाव के महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जहां भावी नेतृत्वकर्ताओं की भूमिका देश को विश्व पटल पर और मजबूत बनाने में अहम होगी। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया एक अस्थिर और अप्रत्याशित माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती का सामना कर रही है।

**आज हर मौके का लाभ उठाया जा रहा है, भले ही उसे हथियार के रूप में उपयोग नहीं किया जा रहा हो। विश्व एक अधिक अस्थिर और अप्रत्याशित माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती का सामना कर रहा है। राष्ट्र और उद्योग दोनों में जोखिम और संचलन के खतरे को कम करने और अपने स्रोतों में विविधता लाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, यह दृष्टिकोण व्यावसायिक निर्णयों या विदेश नीति के मामले में आवश्यक होता जा रहा है।**

समारोह में संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर संजीव पराशर ने वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस वर्ष आईआईएम रायपुर ने राज्य सरकार के सहयोग से 'पब्लिक पॉलिसी' और एचपीसीएल के लिए 'एनर्जी मैनेजमेंट' जैसे दो नए एमबीए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। समारोह को आईआईएम रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर के चेयरपर्सन पुनीत डालमिया ने भी संबोधित किया।

**केन्द्र–पेट्रोल/डीजल/एलपीजी**

केन्द्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि वह देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों को अफरा–तफरी में पेट्रोल और डीजल की खरीददारी न करने और एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉक्टर नीरज मित्तल ने राज्यों को एलपीजी वितरण को विशेष रूप से घरेलू और आवश्यक जरूरतों के लिए प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। साथ ही जमाखोरी, हेराफेरी और गलत सूचना के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने को भी कहा गया।

**पश्चिम इंडिया–कोल इंडिया**

इस बीच, पश्चिम एशिया में संकट के बीच कोल इंडिया लिमिटेड देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। कोल इंडिया के अध्यक्ष बी. साईराम ने कोरबा जिले के प्रवास के दौरान आकाशवाणी समाचार को बताया कि ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयले का भंडार उपलब्ध है।

**आज की डेट में पर्याप्त कोयले का पिटहैड में स्टॉक है। थर्मल ऑफ प्लांट्स के पास में भी अच्छा स्टॉक है और उसके अलावा हमारी जितनी माइन्स हैं, माइन्स के अंदर में भी हमने पोल सिंग्स को एक्सपोज़ करके रखा हुआ है। ताकि कभी भी डिमांड आए और रिक्वायरमेंट आए, हम उस कोयले को उसको एक्पोएशन करके और उसको पावर प्लांट तक भेज सकें। जब कोयले को रेशन करेंगे, तो हमको रेल माध्यम से ऑपरेशन करना पडेगा, उसके लिए भी मिनिस्ट्री ऑफ कोल और रेल मंत्रालय को आपस में बात करके किस प्रकार हम ज्यादा से ज्यादा कोयला पावर प्लांट तक भेज सकेंगे, उसके लिए वो तैयारी कर रहे हैं।**

## ट्रेन परिचालन

रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत रायपुर और मांढर के बीच ऑटोमेटिक सिग्नल लगाए जाने के कारण पांच और छह अपैल को कुछ यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान दस पैसेंजर गाड़ियां रद्द रहेंगी। इनमें रायपुर से बिलासपुर और रायपुर से दुर्ग के बीच चलने वाली गाड़ियां शामिल हैं। इसके अलावा लंबी दूरी की चार ट्रेनों को रायपुर, बिलासपुर, महासमुंद और गोंदिया के बीच समाप्त किया जाएगा।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–समापन

छत्तीसगढ़ में आयोजित पहला खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स कल संपन्न हो गया। रायपुर में आयोजित इस खेल आयोजन के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स, देश की आदिवासी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने और उनकी खेल क्षमता को सामने लाने का अनूठा अवसर साबित हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के पदक विजेताओं के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा भी की।

समापन समारोह को उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरुण साव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज मैरीकॉम और फुटबॉल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। गौरतलब है कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में छत्तीसगढ़ सहित देशभर के तीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## पीएमश्री विद्यालय–प्रशिक्षण कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ के पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आईआईटी भिलाई में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेशभर के एक सौ पचास पीएमश्री शिक्षकों को अनुभव आधारित शिक्षण और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को पढ़ाने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को आईआईटी भिलाई की विभिन्न प्रयोगशालाओं में ले जाकर तकनीकों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। साथ ही इक्कीसवीं सदी की शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों के लिए भी तैयार किया गया। आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण में नवाचार, एसटीईएम शिक्षा और बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया।

## बुलेटिन–शुभारंभ

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा कल पांच अप्रैल से पांच–पांच मिनट के दो अतिरिक्त प्रादेशिक समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया जाएगा। यह समाचार बुलेटिन सुबह नौ बजकर पचपन मिनट से दस बजे तक और ग्यारह बजकर पचपन मिनट से बारह बजे तक प्रसारित किए जाएंगे। इनका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों द्वारा किया जाएगा।

## खल्लारी मेला महोत्सव

महासमुंद जिले में स्थित खल्लारी माता मंदिर में कल से पांच दिवसीय खल्लारी मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने मां खल्लारी मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग से खल्लारी मंदिर तक पहुंच मार्ग को सुगम बनाने की घोषणा की।

## गांजा बरामद

महासमुंद जिले की सिंघोड़ा पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने रेहटीखोल चेकपोस्ट के पास वाहनों की तलाशी के दौरान दो वाहनों से दो क्विंटल इकयासी किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब एक करोड़ इकतालीस लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

## मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की भी चेतावनी दी गई है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में कमी आने के भी आसार है।

## संक्षिप्त समाचार

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज जशपुर जिले के बेहराखार गांव में पीएम जनमन योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान राज्यपाल ने विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की।

– राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने अंबिकापुर में सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सहित संभाग के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए।

– राज्य शासन ने राजधानी रायपुर में लोगों को ट्रैफिक की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से चार नये फ्लाईओवर निर्माण के लिए तीन सौ साठ करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

– भिलाई–खुर्सीपार स्थित परीक्षा केंद्र में आयोजित एनटीए जेईई मेन्स परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी को चप्पल के अंदर मोबाइल छिपाकर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>